हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 1 अप्रैल 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

**तापमान**
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

12 भगवान श्रीराम की पवित्र गाथाएं आध्यात्मिक जागरुकता, सामूहिक ...



10 छूट बंद होने की खबर से एक ही दिन में 150 जमीन ...



# प्रेरणा कार्यक्रम के लिए जिले के विद्यार्थियों में जबर्दस्त उत्साह, 1787 ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िले से अब तक लगभग 1800 विद्यार्थियों ने प्रेरणा पोर्टल पर पंजीयन कराया है। इस तरह पंजीयन के मामले में बेमेतरा प्रदेश में छठवें पायदान पर है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि यह दुनिया एक ईको सिस्टम है। हम इस दुनिया को जो देते हैं वही दुनिया से हमें वापस मिलता है। आप जैसी शिक्षा विद्यार्थियों को देंगे, वैसे ही समाज का निर्माण होगा और अंततः उससे हम, हमारा परिवार, समाज और देश प्रभावित होगा। अतः आवश्यकता है कि हम अपनी पूरी लगन, निष्ठा और ऊर्जा देश के भविष्य को सजाने एवं संवारने में लगायें। उन्होंने कहा कि प्रेरणा एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में भारत के प्रत्येक जिले के दो विद्यार्थी (1 बालक एवं 1 बालिका) को चयनित कर शामिल किया जाना है। एक महिला अभिभावक शिक्षक को भी इस कार्यक्रम में शामिल होना है। प्रेरणा कार्यक्रम मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित होगा। यह प्रायोगिक ज्ञान पर आधारित एक सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण होगा कलेक्टर श्री शर्मा आज यहां ज़िला पंचायत सभागार में शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु प्राचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक सह प्रेरणा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने इस बात पर ख़ुशी जतायी कि ज़िले से अब तक तक़रीबन 1800 विद्यार्थियों ने प्रेरणा पोर्टल पर पंजीयन किया है और प्रदेश में हमारा ज़िला छठवें पायदान पर है।

## गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले में होगा कार्यक्रम



### इस माह की 12 तारीख को होगी चयन की पहली प्रक्रिया

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय स्तर पर हर स्कूल बच्चे जिन्होंने पंजीयन किया है । पहले चरण में दो छात्र-छात्रों का चयन होगा। यह प्रक्रिया आगामी 12 अप्रैल को होगी। इस प्रकार 412 छात्र-छात्रायें चयनित होंगे। दूसरा चरण 15 अप्रैल को जवाहर विद्यालय स्तर पर होगा इसमें 15 छात्र और 15 छात्राएं चयनित होंगे। अंत में तीसरे चरण में ज़िला स्तरीय समिति एक छात्र और एक छात्रा का चयन करेगी। विद्यार्थियों को तीनों चरण में विभिन्न विषय की प्रतियोगिता से गुजरना होगा। ज़िले से सिर्फ़ एक छात्र और छात्रा का चयन होगा, जो गुजरात राज्य के मेहसाणा जिले के वडनगर शहर में आयोजित प्रेरणा कार्यक्रम में ज़िले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### पंजीयन में छठवें स्थान पर

बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत श्री टेकचन्द्र अग्रवाल,अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर सहित स्कूल प्राचार्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ज़िला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर ने बताया कि ज़िले में प्रेरणा में पंजीकरण के लिए अब तक 1787 कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने पंजीयन कराया है। 31 मार्च पंजीयन की अंतिम तिथि थी। प्रदेश में प्रेरणा पंजीयन के मामले में सीएम छठवां स्थान है। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि ज़िले के 206 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के 1787 बच्चों को तीन चरणों से गुजरना होगा। इसके लिए विद्यालय स्तर और ज़िला स्तर पर समितियाँ गठित की गई हैं। अंतिम व तीसरे चरण में ज़िले से एक छात्र और एक छात्रा का चयन होगा। जिस विद्यालय की छात्रा होगी उसी विद्यालय की शिक्षिका गार्डियन होंगी।

## खबर संक्षेप

### कल परपोड़ी पहुंचेंगे मुख्यमंत्री साय



**साजा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 2 अप्रैल को नगर पंचायत परपोड़ी पहुंचेंगे। प्रेम साहू ने बताया कि श्री साय यहां विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर लेकर विधायक ईश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली।

### खमरिया में शुरू हुआ बूथ विजय संकल्प अभियान



**बेमेतरा/थान खमरिया।** बूथ विजय संकल्प के तहत स्थान खमरिया नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंच कर पार्टी का झंडा लगाया। अब की बार 400 पार के नारे के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पर्यावरण विभाग के जिला संयोजक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष तोरण यादव ,जिला भाजपा कोषाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री चंद्रशेखर राजपूत ,वरिष्ठ नेता अनिल सिंघानिया, मंडल महामंत्री पूरन कश्यप, युवा मोर्चा के अध्यक्ष आदर्श जोशी , किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश राजपूत, पूर्व पार्षद रोहित भारती , मुकेश सिंघानिया, पार्षद विजय शर्मा, मनीष सेन , विक्कू तिवारी, संतोष साहू ,पूर्व पार्षद टीकम अग्रवाल मोंटू , मुकेश जोशी, परमेश्वर सिन्हा, डिहु राम ,वासु राजपूत, पवन सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### आज से सुबह होगा स्कूलों का संचालन

**बालोद।** जिले की शासकीय और निजी स्कूलों का संचालन आज से सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक होगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं, परीक्षाएं जो पहले से निर्धारित हैं, वे उसी समय सारिणी में आयोजित की जाएंगी।

### भाजपा प्रत्याशी भोजराज कल भरेंगे नामांकन



**बालोद।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी भोजराज नाग 2 अप्रैल को दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान बालोद जिला के तीनों विधानसभा से भाजपा के पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे नामांकन रैली मे भाग लेंगे। वही भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कार्यकर्ताओं को बड़ी संख्या में इस नामांकन रैली में भाग लेकर उनको समर्थन देने के साथ उनका उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

## दिन के साथ रात के तापमान में भी हुई वृद्धि, लोगों का घर से निकलना हुआ मुश्किल

# झुलसाने लगीं शुष्क व गर्म हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी कहर बरपाना शुरू कर दिया है। अप्रैल का शुरू होने के साथ ही तापमान में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं के कारण अंचल का अधिकतम पारा बढ़कर 42 डिग्री तक पहुंच गया है। शुरुआती गर्मी को देखते हुए अप्रैल के अंतिम दिनों तक 44 के करीब पहुंचने की संभावना है। दिन के अलावा रात का तापमान भी अधिक हो रहा। रात का तापमान 28 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण कई स्थानों पर अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से 3 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है। आज से अप्रैल माह की शुरुआत है। हालत यह है कि पारा 40 के ऊपर पहुंच कर लोगों को झुलसाने लगा है। लोग सड़कों पर उतरने से पहले चेहरे को ढके देते हैं इसके साथ ही गर्मी की वजह से लगने वाली प्यास से बचने के लिए साथ में पानी की बोतल भी लिए चल रहे हैं बेमेतरा में लगातार बढ़ते पारा को देखते हुए ,मौसमी बीमारी की चपेट में भी लोग आ रहे हैं। जिस तरह से गर्मी में बढ़ोतरी हुई है, उससे कहा जा सकता है कि सामान्य से पांच डिग्री अधिक पारा पड़ रहा है। इधर बढ़ते तापमान का आलम यह है लोगों के दिनचर्य में बाधा उत्पन्न हो रही है मुंह को ढक कर लोगों को अपने कार्य करने पड़ रहे हैं। इसके साथ ही स्कूलों व शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मी भी बेहाल हो हो रहे हैं, क्योंकि कई स्कूलों व शासकीय कार्यालय में पंखे के छोड़ अन्य कोई साधन गर्मी से छुटकारा पाने के लिए उपलब्ध नहीं है, पंखे भी चालू करते हैं तो गर्म हवाओं के थपेड़े पढ़ते हैं।



*कब माना जाता है हिट वेव : मौसम विभाग के मुताबिक हिट वेव तब मानी जाती है, जब मैदानी इलाकों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक और पहाड़ी क्षेत्रों का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। वहीं, 2 दिन या इससे अधिक सामान्य से अधिक तापमान होने में ऐसा कहा जाता है। ज्ञात हो कि जिले में बीते 5 दिनों से तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है, आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने के आसार हैं।*

### कुम्ही पहुंचे अधिकारी, खेतों में जाकर किया फसल निरीक्षण



बेरला। तहसील बेरला क्षेत्र में हुए बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से रबी फसल पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा। इस बेमौसम बारिश से चना, मसूर, गेंहू, तिवरा जैसे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। जिसका निरीक्षण ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जगण्णाथ नाटिया, हल्का पटवारी, बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों, गांव के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की उपस्थिति में सर्वे करके पंचनामा भी तैयार किया गया। इस मौके पर ग्राम कुम्ही सरपंच मनीष टण्डन, फलकुमार पात्रे, अवधराम गंधर्व(कोटवार), गंगाधर पात्रे, बिरेंद्र वर्मा, उमराव सिन्हा, रमेश वर्मा, बलदाऊ डहरिया, सेउकदास दिवाकर समेत अन्य किसानजन भी उपस्थित रहे।

### तेज गर्मी से सूखने लगे पंप, पानी की किल्लत

जिला मुख्यालय सहित अंचल में तेज गर्मी के कारण अभी से पानी संकट उत्पन्न होना शुरू हो गया है। शहर के वार्डों से लेकर ग्रामीण इलाकों बोर पंप बंद होने की संभावना जताई जा रही है। जिला मुख्यालय के नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम कठिया में आधे से ज्यादा बोर पंप बंद हो चुके होने की जानकारी आ रही है। इसके कारण ग्रामीण ग्रामीणों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

### ठंडे एवं आइसक्रीम की डिमांड बढ़ी

इधर गर्मी के बढ़ते ही ठंडे पेय जल के साथ ही आइसक्रीम की डिमांड में भी इजाफा हो गया है। शहर के चौक चौराहे पर लगे गन्ने रस के ठेलों पर दिनभर घाटी देखी जा सकती है। हालांकि महंगाई का असर भी आइसक्रीम के साथ-साथ शीतल पेयजल के दामों में देखने को मिलता है। लगभग कंपनी ने अपनी आइसक्रीम के दाम 20 से 30 फीसदी तक बढ़ा दिया है। वहीं, गन्ना रस के साथ ही लस्सी नींबू पानी के दामों में भी पांच से 10 का इजाफा कर दिया गया है ।

# विद्युत विभाग ने बदले पुराने और जर्जर तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विद्युत विभाग के कर्मचारी रविवार शहर के नवीन मार्केट, बाजार पारा सहित अन्य स्थलों में तेज तपन धूप ओर गर्मी के माहौल में पुराने तथा जर्जर विद्युत तारों को बदलने का कार्य किया गया है।

- सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बंद रही लाइट, दिनभर परेशान रहे लोग

हालंकि सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आम जनों को लाइट बंद रहने से दिन भर दिक्कतों का सामना करना पड़ा खास तौर पर पेयजल आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित रही जिससे लोग परेशान रहे। विभाग के सहायक अभियंता गुलाब साहू ने बताया कि नवरात्रि ,रमजान एवं गर्मी के पूर्व ऐसे जर्जर तारों को बदलना अति आवश्यक है जिससे कि भविष्य में विद्युत भार बढ़ जायेगा ओर उपभोक्ताओं को कोई असुविधा न हो ।

गौरतलब हो कि विगत विद्युत कुर्मी पारा तथा कोबिया के बीटीआई मैदान में भी ऐसे ही जर्जर तारों को बदलने जहां कार्य किया गया। वहीं, तार बदलने के कार्य के दौरान शहर के गौरव पथ रोड सदर रोड, भद्रकाली मंदिर के आसपास के उपभोक्ता प्रभावित रहे। इसी प्रकार कबीर कुटी के पीछे भाटिया पारा, साहू पारा में भी ओवर लोड तथा लो वोल्टेज की समस्या थी जिसे नया सर्किट बनाकर विभाग ने दूर कर दिया।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

- रिजल्ट घोषणा के बाद विद्यार्थियों व माता- पिता के चेहरा खिल उठे
- स्कूल में 700 अभिभावक बच्चों का रिजल्ट देखने पहुंचे



सीबीएसई एफिलेटेड स्कूल जांता में केजी एक से कक्षा नवमीं व कक्षा ग्यारहवीं तक के वार्षिक रिजल्ट की घोषणा आज की गई। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ सभी छात्रों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो,मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रिजल्ट आने के पश्चात डीएवी में अपने बच्चों के प्रवेश हेतु पालको का उत्साह ओर भी बढ़ा हुआ है। डीएवी स्कूल के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने बताया कि आगामी शिक्षा सत्र 24-25 के लिए नए अभिभावकगण, पालकों ने भी डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता में अपने पाल्य का रजिस्ट्रेशन व एडमिशन कराया हैं। परीक्षा परिणाम उत्सव में लगभग सात सौ माता-पिता व अभिभावकों ने विद्यालय पहुंच कर अपने पाल्य का परीक्षा परिणाम को जाना। रिजल्ट उत्सव में बड़ी संख्या ▶▶| शेष पेज 11 पर

**लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस चला रही विशेष अभियान**

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 62 वाहन चालकों पर 21 हजार रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, एसपी के निर्देशन पर पुलिस प्रशासन अवैध गतिविधियों पर कारवाई कर रही है।

इसी के तहत मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 62 वाहन चालक पर कारवाई करते हुए 20 हजार 900 रूपये समन शुल्क वसूला। वहीं, माईनर एक्ट के तहत 37 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कारवाई की गई। पुलिस टीम ने इस दौरान आम जगह पर शराब सेवन करने एवं पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 06 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट मामला दर्ज किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यातायात उल्लंघन के मामले में बेमेतरा थाना क्षेत्र में 17, थाना खम्हरिया 05, थाना साजा 08, थाना बेरला 06, थाना परपोडी 02, थाना चंदनू 02 , चौकी मारो 02, चौकी कंडरका 01, चौकी खण्डसरा 02, चौकी संबलपुर 04, चौकी देवरबीजा 03 चालान व्यक्तियों नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक पर कारवाई करते हुए इन 62 वाहन चालकें से 20 हजार 900 रूपये समन शुल्क लिया गया।

इसी तरह जिले के विभिन्न थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा माईनर एक्ट के तहत 26 प्रकरण दर्ज कर 37 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। थाना बेमेतरा, नवागढ़, खम्हरिया, बेरला, साजा में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करने के कुल 6 प्रकरणों में 6 आरोपियों के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### निखिल देहारी अपहरण मामले में फरार एक और आरोपी गिरफ्तार

**बालोद।** जिला पुलिस को निखिल देहारी अपहरण के मामले में फरार एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। थाना डौण्डी लोहारा क्षेत्र के ग्राम खैरीडीह नहर नाली के पास नागपुर निवासी निखिल देहारी का अपहरण हुआ था। थाना डौण्डी लोहारा एवं साइबर सेल बालोद से बनी विशेष टीम ने घटना के 24 घंटे बाद के भीतर अपहत को सकुशल लाकर पूर्व में 09 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब पुलिस को प्रकरण में फरार एक और आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है।

## शहर और बाहर से ऑनलाइन नेटवर्क चला रहे सटोरिए

# आईपीएल में रोज लग रहा लाखों का दांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल यानी कि सटोरियों की दिवाली 22 मार्च से शुरू हो गई है। आईपीएल क्रिकेट सीरीज के हर मैच में जिले में लाखों का सट्टा लगाया जाता है और सटोरियों द्वारा आईपीएल कि अपने विसात भी जमा चुके हैं।

इसके अलावा पुलिस की धर पकड़ से बचने सटोरियों द्वारा अपनी तैयारी के तहत कई बड़े खाईवाल अपने छोटे खाई वालों को छोड़कर पुलिस के शिकंजे से बचने शहर भी छोड़ दिए हैं वे सट्टे की बुकिंग के लिए दूसरे राज्यों के शहरों में बैठकर नया नेटवर्क खड़ा कर चुके हैं। आईपीएल क्रिकेट की शुरुआत हो गई वैसे तो सप्ताह भर हो चुका है। 22 मार्च आईपीएल सीजन का पहला था और उसी दिन से सटोरियों के द्वारा अपनी आईडी से सट्टा बुकिंग करना शुरू कर दिए। बीते वर्ष इस आईपीएल सट्टे के चलते एक 16 साल बालक व 22 साल के युवक ने आत्महत्या कर ली थी। उसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों पर कार्रवाई की थी, परंतु फिर से वह सट्टेबाज शहर सक्रिय हो गए हैं।



### हर मैच में लगते हैं लाखों के दांव

शहर में आईपीएल सीजन के हर मैच में सट्टेबाजों की जमकर चांदी होती है। एक-एक मैच पर लाखों रुपए की बुकिंग और खाई बाजी में बेहिसाब कमाई होती है। ऑनलाइन बुकिंग की वजह से इनका नेटवर्क ट्रेक पुलिस के लिए भी काफी मुश्किल होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आईपीएल सट्टा खेलने वाले कुछ सटोरियों अभी ऑफलाइन खिला रहे हैं। ये लोग शहर में कुछ खास जगह पर अपने बुकी बैठा कर रखते हैं, जो नकद रुपए लेकर बुकिंग करते हैं और मैच के बाद लाखों की नकदी कई जगह पहुंचा देते हैं। बता दें कि 2 साल पहले शहर के एक घर से पुलिस ने आईपीएल सट्टा की भारी-भरकम पर्ची एवं नकदी भी जब्त की थी।

### आईपीएल सट्टे वालों की शहर में तगड़ा नेटवर्क

सूत्र बताते हैं कि आईपीएल सटोरियों का शहर सहित जिले में तगड़ा नेटवर्क है। दर्जनभर बड़े खाईवाल हैं, जो ऑनलाइन सट्टा बुकिंग कर नेटवर्क फैलाकर आईडी बेच रहे इन आईडी पर ई वॉलेट में रुपए जमा करना होता है। आईडी पर ही मैच के टॉस सेशन, विकेट सेशन के भाव चढ़ते-उतरते रहते हैं। इसके लिए सटोरिए कोड वर्ड का उपयोग करते हैं। आईपीएल सीजन का पहला मैच के लिए ऑनलाइन आईडी पर इसके भाव खुल गए थे। सटोरिए मनपसंद टीम ,ओवर ,विकेट और सेशन पर रेट आने के बाद आईडी लेकर सट्टा बुक करना भी शुरू कर दिए थे ! क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वाले सटोरिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय हैं। सट्टा बुकिंग के लिए खेलने वालों को ▶▶| शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# ये आम नहीं बल्कि खास चुनाव, संविधान बदलने चार सौ का दे रहे नारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा, उन्होने कांग्रेस द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं को भाजपा द्वारा बंद किए जाने का आरोप लगाया। वही उन्होने कहा कि, यह लोकसभा आम नही बल्कि खास चुनाव है। भाजपा इसलिए चार सौ पार का नारा दे रही है, ताकि भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को बदल सके।

कांग्रेस ने राजीव भवन को केन्द्रीय चुनाव कार्यालय बनाया है। जिसका छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को उद्घाटन किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मतदाताओं के पास स्थानीय, प्रादेशिक व राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर मजबूती के साथ जाना है। इस चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया है, ताकि वे महापुरुष डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा तैयार किए गए संविधान में परिवर्तन कर सके। भाजपा के खिलाफ बोलने की आजादी छीन ली गई है। जिसने भी खिलाफत की उस पर ईडी, आईटी व अन्य एजेंसियों ने शिकंजा कसा है। जिससे लोकतंत्र व संविधान खतरे में आ गया है। यह लोकसभा चुनाव देश की जनता की लड़ाई है। लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए यह लड़ाई हमें मिलकर लड़नी है। इस दौरान पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, रुद्रकुमार, बिलासपुर प्रत्याशी देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, पूर्व विधायक अरुण वोरा, बीडी कुरैशी, प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, निर्मल कोसरे, गया पटेल, मुकेश चंद्राकर, अलताफ अध्यक्ष, अजय मिश्रा, राजेश यादव के अलावा 9 विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे।

## राज्य की भाजपा सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं को बंद की साय साय- भूपेश बघेल

### चार माह बाद भी धरातल में नही उतरी गारंटी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन 4 माह के कार्यकाल के बाद भी मोदी की गारंटी को राज्य की भाजपा सरकार धरातल पर नहीं उतार पाई है। किसानों को वर्ष 17-18 के धान खरीदी का बकाया बोनस दिया जाएगा, लेकिन वर्ष 14, 15 और 16 के आधार पर बोनस दे दिया गया है, जबकि इस साल अकाल की स्थिति थी। यह बोनस की राशि भी सभी किसानों के बैंक खातों में नहीं पहुंची है।



### मुझे ईव्हीएम पर भरोसा नहीं

पूर्व मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवाल पर कहा कि, उन्हें ईव्हीएम पर भरोसा नही है। इसलिए ही उन्होने आयोग के नियम के अनुसार राजनांदगांव में 384 प्रत्याशी को फार्म भरने कहा था। उन्होने कहा मोदी गारंटी को पूरा करने भाजपा ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, लेकिन राज्य की पूर्व कांग्रेस सरकार की योजनाओं को जरुर साय साय बंद कर दिया गया है। गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट, राजीव युवा मितान क्लब, बेरोजगारी भत्ता, 18 लाख आवास आबंटन एवं अन्य योजनाएं बंद कर दिए गए है। 35 किलो मिलने वाला खाद्यान्न अब 5 किलों मिलेगा।

### कोल घोटाले में चिंतामणि के भी नाम

भूपेश बघेल ने कहा कि, कोयला घोटाला में चिंतामणि महाराज के नाम थे, लेकिन भाजपा में प्रवेश करते ही वे मोदी के वाशिंग मशीन में धुलकर साफ हो गए है। खाद्यान्न मामले में राज्य की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। भाजपा का अब चंदा दो धंधा लो नारा बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री कहा कि, राजेन्द्र साहू कांग्रेस के एक सामान्य कार्यकर्ता है। उन्हें पूरे बहुमत से जिताए। कांग्रेस नारी न्याय योजना के तहत गरीब महिलाओं को साल में 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। इसके अलावा घोषणा पत्र के अन्य योजनाओं को मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया।

## खबर संक्षेप



### इंटर्नशिप डॉक्टरों ने किया रक्तदान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक इंटर्न डॉक्टरों द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया गया। ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनाए रखने के लिए विभिन्न समय में लोगों, संस्थाओं द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंटर्न डाक्टर डॉ सुचीन उन्नी, डॉ आकाश पाटले, डॉ दीपक पटेल, डॉ शुभाकर चटर्जी, डॉ दिलराज भाटिया, डॉ राकेश, डॉ नीता नंद नेहर, डॉ अविशी, डॉ श्रुति देशलहरे, डॉ आदित्य साहू, डॉ टेकराम देवांगन और ब्लड बैंक रक्तदान कोष के अधिकारी डॉ नेहा नलवाया द्वारा भी जिला चिकित्सालय दुर्ग के ब्लड बैंक में 12 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ ए के साहू सहित जीवन दीप समिति के अध्यक्ष प्रशांत डोनगावरकर, सतीश सुराना ने इंटर्न डाक्टरों को साधुवाद दिया।

### कलाकारों का होली मिलन समारोह संपन्न

**दुर्ग।** दुर्ग-भिलाई कलाकार परिवार द्वारा गोंडवाना भवन दुर्ग में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के रंगमंच, फिल्मी व अन्य विधाओं के कलाकारों ने भाग लिया। इस आयोजन में छालीवुड के निर्देशक सतीश जैन, उत्तम तिवारी, मनोज वर्मा, मन कुरैशी, रजनीश झांझी, उपासना वैष्णव, नकुल महलवार, आनंद नरेरा, योगेश पांडेय, गोपाल शर्मा, महेश शर्मा, हरी सेन, राजेंद्र साहू, प्रहलाद रूंगटा, रमेश ठाकुर, बंटी मेश्राम, शिवा कुंभकार, शिवाकांत तिवारी, कुलेश्वर ताम्रकार, शक्तिपद चक्रवर्ती, जयराम भागवानी, पवन गुप्ता, जय कसेर, प्रकाश ताम्रकार, अर्जुन परमार, अनिरुद्ध ताम्रकार, ज्योत्सना ताम्रकार, जागेश्वरी मेश्राम, पूजा, कृष्णा, सुधा जांगडे के अलावा अन्य कलाकार शामिल थे।

### बाजार : तीस फीसदी छूट लेने मची होड़, कल से नया दर

# छूट बंद होने की खबर से एक ही दिन में 150 जमीन की रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट का फायदा आगामी नए वित्तिय वर्ष में बंद होने के ऐलान के बाद जिला पंजीयक कार्यालय में क्रेता और विक्रेताओं की भीड लग गई हैं। हालात यह है कि, एक ही दिन में पहली बार इस वित्तिय वर्ष में डेढ सौ से अधिक रजिस्ट्रियां दर्ज की गई है। वही रविवार को भी रजिस्ट्री किया जाएगा। शनिवार को देर रात जिला पंजीयक कार्यालय में पक्षकारो की भीड लगी रही।

उल्लेखनीय हैं कि, आगामी वित्तिय वर्ष यानि 2024-25 में कलेक्टर गाइड लाइन पूरा शत प्रतिशत के आधार पर लागू होगा। कांग्रेस सरकार द्वारा विगत पांच सालों से कलेक्टर गाइड लाइन में तीस प्रतिशत की छूट दी गई थी। लेकिन भाजपा की सरकार ने इस छूट को बंद किए जाने के संकेत दिए है। यही कारण हैं कि, छूट का लाभ लेने बडी संख्या में पक्षकारो ने शनिवार और रविवार को अप्वाइंटमेंट लिया है। अफसरों ने बताया कि, शनिवार को डेढ सौ से अधिक रजिस्ट्रियां की गई। शनिवार को दिनभर जिला पंजीयक कार्यालय में पक्षकारो की भीड लगी रही। लोग अपने बारी का इंतजार करते रहे।

**खास बातें**

- शनिवार को रिकार्डतोड रजिस्ट्री से लगी रही भीड
- स्टांप वेंडर से लेकर फोटो कापी सेंटरों में भी लगी कतार
- सुबह से देर रात रजिस्ट्री का चल रहा सिलसिला

### 1 अप्रैल से नया गाईड लाइन होगा लागू, इससे पहले उमड़ी भीड़



### दिसंबर के बाद पकड़ी रफ्तार

जिले में रियल स्टेट का कारोबार दिसंबर माह के बाद बढा है। दिसंबर की स्थिति में दुर्ग 61.94 फीसदी, पाटन 75.15 फीसदी और धमधा 54.01 फीसदी यानि तीनों ब्लाक का 62.92 फीसदी पर अटका था। जबकि जनवरी, फरवरी और मार्च में तेजी आने के बाद राजस्व आय नब्बे फीसदी तक जाने का अनुमान है। अमूमन देखा गया है कि, हर साल टारगेट से अधिक ही सरकार को आय प्राप्त होता है।

### दुर्ग में 85 फीसदी राजस्व की आय

जिला पंजीयक कार्यालय को इस वित्तिय वर्ष दुर्ग, पाटन और धमधा मिलाकर 360 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था। अफसरों ने दुर्ग में ही 298 करोड का टारगेट था। इसमें तीस मार्च तक 255 करोड 43 लाख का आय प्राप्त हुआ है। यानि वित्तिय वर्ष के एक दिन पहले 85 फीसदी आय प्राप्त हुआ है। हांलाकि पाटन और धमधा की जानकारी नही आई है। अफसरों ने बताया कि, देर रात तक नब्बे फीसदी राजस्व मिलने का अनुमान है।

### ऐसे समझे तीस फीसदी छूट का गणित

जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए पहले कलेक्टर गाइड लाइन देखा जाता है। इसमें अलग-अलग इलाको का दर निर्धारित होता है। मान लिया जाए किसी जगह में कलेक्टर दर पांच लाख है। तो उसमें से तीस फीसदी छूट यानि डेढ लाख रूपए का छूट मिलेगा और पक्षकार को सिर्फ तीन लाख पचास हजार का स्टांप शुल्क अदा करना पडेगा। लेकिन अगर छूट बंद होता है तो पक्षकार को पूरे पांच लाख के हिसाब से स्टांप शुल्क देना पडेगा।

# चेक बाउंस मामले में जमानतदार को सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री जनार्दन खरे की कोर्ट ने आरोपी जमानतदार आताफ अहमद पिता जनौर अहमद खान निवासी फिटको टेलर, जवाहर मार्केट केम्प -02 भिलाई, थाना सुपेला तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग) को धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियन के तहत 10 माह की सजा एवं 1,55.000/- रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में परिवादी को प्रदान करने का फैसला सुनाया है। क्षतिपूर्ति की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी (जमानतदार) को 3 माह अतिरिक्त रूप से कठोर कारावास के दण्ड का भागी होगा। परिवादी छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सुपेला भिलाई की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद शफीक खान ने पैरवी की थी। ऋणी मनदीप सिंह रंधावा द्वारा छग राज्य ग्रामीण बैंक शाखा सुपेला भिलाई से वाहन ऋण पाप्त किया था। ऋणी से ऋण की वसूली नहीं होने पर उसके परिचित जमानतदार जस्ताक अहमद ने जमानतनामा, आवश्यक दस्तावेज आदि निष्पादित किये गये थे। बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि, हमारी शाखा छग राज्य ग्रामीण बैंक सुपेला से ननदीप सिंह रंधावा नो 9 मई 2012 को वाहन ऋमा 1,55,000/- रुपये प्राप्त किया था। मूल ऋणी के जमानतदार अल्ताफ अहन्द आरोपी ने सोना की बचत किश्त राशि के भुगतान स्वरुप परिवादी बैंक को 29 जुलाई 2017 से 1, 55,000/- रुपये का चेक क्रमांक 014983 आईडीबीआई बैंक शाखा स्टेशन रोड दुर्ग बैंक प्रबंधन दवारा जब उक्त चेक को ऋणों के खाते में जमा किया गया तो खाते में रकम न होने के कारण बैंक अनादरित हो गया।

- कोर्ट ने क्षतिपूर्ति राशि लौटाने के दिए निर्देश

### भोजन दान...

**दुर्ग।** विपाशा फाउंडेशन द्वारा विगत शुक्रवार को रेल्वे स्टेशन में जरूरतमंद को भोजन कराया गया। फाउंडेशन के संचालक अप्रतिम चौधरी ने बताया कि, पिछले 15 सालों से संस्था खाना खिला रही है। संस्था कंबल, चावल भी बांटती है।



# शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शालेय शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं दुर्ग जिला प्रमुख चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से भेंट कर उनको दुर्ग जिले में पदस्थ होने की बधाई प्रेषित किया तथा दुर्ग जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हेतु चर्चा की गई। शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिले में व्याप्त शिक्षकों की समस्याओं पर भी जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की एवं सभी समस्याओं को हल करने हेतु अनुरोध किया। जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने भविष्य में संगठन के साथ



मिलकर सभी समस्याओं के त्वरित निदान के लिए समयबद्ध कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने की बात कही। संगठन के पदाधिकारी तिलक सेन, योगेन्द्र वर्मा, जागृति द्विवेदी, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, प्रताप सिंह धनकर, युवराज साहू, वेदराम जांगड़े, कृष्ण राज पाण्डेय, प्रभा सिंह, किरण गौर उपस्थित रहे।

# योग-युवा और आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, आर्य नगर, दुर्ग के सभागार में योग-युवा और आत्मनिर्भर भारत पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योग विशेषज्ञ पूज्य आचार्य स्वामी आदित्य देव जी प्राचार्य स्वामी दर्शनानंद जी गुरूकुल महाविद्यालय, हरिद्वार केन्द्रीय प्रभारी युवा भारत और स्वामी नरेन्द्र देव जी योग निष्ठ सन्यासी पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, योग गुरू श्री श्याम चन्द्राकर एवं अन्य सहकर्मीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती

- रोग से बचने योग एक महत्वपूर्ण साधन



आभारानी गुप्ता, महाविद्यालय की उपप्राचार्य नीतू सिंह, महाविद्यालयीन परिवार समस्त संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत पौधा, मोमेण्टो, श्रीफल व शाल देकर किया गया।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि जी स्वामी आदित्य देव जी द्वारा अपने व्याख्यान मैं बताया गया कि स्वस्थ व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए अपनी अहम भूमिका निभा सकता है इसलिए अपने शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए नित्य प्रतिदिन योग करना चाहिए।

रोग से बचने के लिए योग एक महत्वपूर्ण साधन है। विद्यार्थी जीवन के लिए उन्होंने 5 नियमों को ध्यान में रखकर पालन करने के लिए कहा। आचार्य नरेन्द्र देव द्वारा योग को वैज्ञानिक तरीकों से जोड़कर बताया गया तथा आचार्य आदित्य देव जी द्वारा छात्राओं एवं प्राध्यापकों से संकल्प कराया गया कि नित्य प्रातः उठकर योग करेंगे और अपना जीवन राष्ट्र और समाज के लिए योगदान करेंगे। योग एक प्राचीन भारतीय प्रणाली है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है। योग के माध्यम से युवा अपने शक्तिशाली और सकारात्मक सोच को साकार कर सकते है। योग का अभ्यास करते रहने से स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की शिक्षा मिलती है इसके साथ ही योग उन्हें आत्मनिर्भरता की भावना और कौशल प्रदान करता है, जो उन्हें समस्या का सामना करने और समाधान निकालने में मदद करता है। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. निशा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। दयानंद शिक्षा समिति की ओर से अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। आभार प्रदर्शन उप प्राचार्य एवं डॉ. तृप्ति खनंग के द्वारा किया गया।

## निगम कार्यालय में तोड़फोड़ करने वाले पार्षद के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** रिसाली निगम के पार्षद द्वारा कार्यालय में घूसकर तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पार्षद के खिलाफ पुलिस ने धारा 427, 429, 506 के तहत कार्रवाई किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि पांच रास्ता सुपेला निवासी अमरदीप कुमार साव ने शिकायत किया है कि वह रिसाली सेक्टर में आधार सेवा केंद्र चलाता है। शुक्रवार सुबह सुपेला में था, तभी नगर निगम रिसाली के कर्मचारी चंदा देवी, अभिषेक देवांगन समेत अन्य लोगों ने कॉल कर बताया कि उसके आधार सेंटर में स्थापित कम्प्युटर सिस्टम को वार्ड 16 बीआरपी कालोनी के पार्षद विनय नेताम तोड़फोड किया। निगम पहुंचकर पीड़ितने पार्षद विनय नेताम से तोड़फोड़ को लेकर पूछताछ किया। इस दौरान पार्षद गाली गलौज करने लगा।

उल्टा पार्षद विनय नेताम ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। तोड़फोड़ हुए सामानों की कीमत एक लाख रुपए आंकी गई है। जिसमें आधार कीट, प्रिंटर, मोनिटर, बायोमैट्रिक मशीन, स्कैनर मशीन सामान है।

### प्रदूषित पानी को शिवनाथ नदी में जाने से रोकने 147.93 करोड़ होंगे खर्च

# दो स्थानों पर होगा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शहर के विभिन्न छोटे बड़े नाले एवं नालियों से होकर पुलगांव नाला एवं शंकर नाला से होते हुए शिवनाथ नदी में मिलने वाले गंदा पानी को एनजीटी के दिशा निर्देश में नदी में मिलने से पूर्व पानी का उपचार कर पानी का पुनः उपयोग किया जाना है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनने से शहर के घरों से निकलने वाले गंदे पानी को जो नालियों के माध्यम से नाले में चला जाता है, फिर नाले से वही प्रदुषित पानी नदी में मिल जाता है जिससे जनस्वाथ्य पर बुरा असर होता है। नगर निगम दुर्ग द्वारा शिवनाथ नदी के मुहाने पर स्थित इंटेकवेल से लगकर शासकीय भूमि तथा उरला स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 94 की भूमि को चिन्हांकित कर सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट हेतु भूमि मांग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए दावा आपत्ति का प्रकाशन भी किया गया है। भूमि आबंटन पश्चात इसका सीमांकन कराया जाएगा। डीपीआर अनुसार इस प्रस्ताव हेतु अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत 147.93 करोड़ रुपये लागत राशि प्रस्तावित है। पुष्पवाटिका के समीप बनने वाली एसटीपी 24 एमएलडी और उरला में बनने वाली एसटीपी की क्षमता 47 एमएलडी की होगी। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने भवन अधिकारी एवं सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व उपअभियंता मोहित मरकाम के साथ शिवनाथ नदी पुलगांव व उरला स्थित ख नं0 94 जमीन का मौका मुआयना किया।

- आयुक्त ने अधिकारियों के साथ देखी जमीन



### सोलर पैनल से होगी संचालित

सहायक अभियंता व भवन अधिकारी गिरीश दीवान ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा उरला स्थित प्रस्तावित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को सोलर पैनल के माध्यम से संचालित किया जायेगा। जिससे विद्युत व्यय से मुक्ति मिलेगी तथा अतिरिक्त उत्पादन को ग्रिड के माध्यम से पुलगांव एसटीपी में समयोजित किया जाएगा। जिससे एसटीपी संचालन की विद्युत लागत लगभग नगण्य रहेगी।

### कृषि व औद्योगिक क्षेत्रों में किया जाएगा उपयोग

एसटीपी प्लांट के माध्यम से नालों के गंदे पानी को ट्रीटमेंट प्लान्ट में शुद्धिकरण पश्चात कृषि एवं उद्योगों में उपयोग किया जायेगा। चिन्हित स्थल पर निर्माण कार्य हेतु भूमि आबंटन पश्चात निर्माण संबंधी आवश्यक कार्रवाही की जाएगी। निर्माण कार्य होने से नदी के पानी की शुद्धता एवं शहर को मिलने वाले पीने के पानी को और भी शुद्ध व गुणवत्ता को बनाये रखने में सुविधा होगी। साथ ही कृषि व औद्योगिक क्षेत्र में उपयोग किया जाएगा। जिससे निगम के आय में वृद्धि के साथ एनजीटी के नियमों का पालन करते हुए शहर के नालों से निकलने वाले गंदे पानी को प्राकृतिक जल स्त्रोत में मिलने से पहले उसका उपचार किया जाना संभव हो जायेगा।

# पटरीपार मंडल की बैठक में भाजपा की चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को गति देने हेतु भाजपा पटरी पर मंडल की बैठक वार्ड नंबर 23 दीपक नगर सार्वजनिक सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में मंडल, भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं मंडल के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य आमंत्रित किए गए थे। बैठक में लोकसभा चुनाव हेतु प्रदेश द्वारा दी गई बिंदुओं पर चर्चा की गई। मंडल प्रभारी जयसिंह राजपूत ने सभी पदाधिकारीयों को भाजपा की चुनावी रणनीति से अवगत कराया। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने लोकसभा चुनाव हेतु पार्टी के दिशा निर्देशों की पदाधिकारियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनमोहन शर्मा ने किया। पूर्व पार्षद एवं मंडल उपाध्यक्ष विजय जलकारे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शहर में कांग्रेस से मीलो आगे है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अलका बाघमार, नवीन जैन, आशीष द्विवेदी, पार्षद श्रीमती मीना सिंह, पूर्व पार्षद उमेश यादव, भास्कर तिवारी, चंद्रशेखर शास्त्री, गुरप्रीत बल, नरेंद्र ठाकुर, रूपेश्वरी साहू, श्रीमती अनुसूइया साहू, गोलू सोनी, केशव पटेल सहित 15 वार्ड के प्रतिनिधि शामिल हुए।

- पार्टी के दिशा निर्देशों की दी गई जानकारी



## खबर संक्षेप

### मनौद में कर्मा जयंती व मानस सम्मेलन 5 को

**बालोद।** ग्राम मनौद में कर्मा जयंती एवं मानस सम्मेलन का आयोजन 5 अप्रैल को किया गया है। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। सुबह 11 बजे माता कर्मा की महाआरती की जाएगी। 12 बजे तुलसी मानस मंडली मनौद, दोपहर 2 बजे सच्चिदानंद ज्योति बालिका मानस मंडली गारका भीमकन्हार डौण्डीलोहारा, शाम 4 बजे अनुराग मानस परिवार गुरूर की प्रस्तुती होगी। संध्या 6 बजे रामायणजी की आरती की जाएगी। शाम 6:30 बजे महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ सलाहकार छत्तीसगढ़ पवन साहू होंगे, अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष साहू संघ बालोद जितेन्द्र कुमार साहू करेंगे। शाम 6 बजे होने वाले समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि सत्तूराम साहू होंगे, अध्यक्षता परिक्षेत्रीय कोषाध्यक्ष लाटाबोड़ मूलचंद साहू करेंगे।

### भाजपा उपाध्यक्ष नरेश ने लगाया पार्टी का झंडा

**गुण्डरदेही।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु ने कार्यकर्ताओं के साथ विजय पताका अभियान के अंतर्गत विधानसभा के ग्राम ओडारसकरी में बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर केन्द्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। उसके बाद गली भ्रमण कर भाजपा का झंडा लगाया।

## निधन

### रत्ना तिवारी



**बेमेतरा।** ग्राम जिया निवासी रत्ना तिवारी (67) का 28 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट मुक्ति धाम रायपुर में किया गया। वे बसंत तिवारी की पत्नी व भूपेश, गोपेश, रश्मि तथा प्रीति की माताजी थीं।

## शराब-कोयला घोटाला और सट्टा से जुड़े आरोपियों से दूसरे दिन भी जेल में चली लंबी पूछताछ




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एसीबी की टीम शनिवार को भी शराब, कोयला घोटाला और महादेव सट्टा एप के मामले में जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने पहुंची। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी टीम सुबह से देर रात तक आरोपियों से पूछताछ करती रही। सूत्रों के अनुसार एसीबी की टीम ने दूसरे दिन आरोपियों के पहले दिन दिए बयानों को टटोलने के लिए दोबारा उनसे पुराने सवाल किए। इन सवालों में कितने आरोपियों के बयान में अंतर है, इसकी जांच करते हुए एसीबी ने दूसरे सवाल भी किए। सूत्रों का यह भी कहना है कि एसीबी ने निलंबित आईएएस समीर विश्नोई और सूर्यकांत तिवारी से भी कई घंटे तक सवाल जवाब किए।

विशेष अदालत से मिली अनुमति के बाद एसीबी के आधा दर्जन अफसरों की टीम दूसरे दिन भी सुबह दस बजे जेल पहुंची। टीम ने पहले दिन करीब 10 घंटे तक जेल में आरोपियों से पूछताछ की थी, वहीं दूसरे दिन पूछताछ सुबह 10 बजे से रात करीब 9 बजे तक चली। सूत्रों के अनुसार दूसरे दिन भी असीम दास, भीम यादव और सतीश चंद्राकर के साथ कोयला घोटाला के आरोपी समीर विश्नोई, सूर्यकांत तिवारी, शिवशंकर नाग सहित कुछ अन्य लोगों से पूछताछ की गई है। एसीबी को पूछताछ के लिए 2 अप्रैल तक का समय दिया गया है। इस तरह टीम रविवार को भी पूछताछ करने जा सकती है।

### एक अप्रैल से रजिस्ट्री में नहीं मिलेगी 30 प्रतिशत की छूट

# बढ़ी कीमत पर रजिस्ट्री कराना नहीं चाहते, इसलिए अंतिम दिनों में पंजीयन दफ्तरों में टूट पड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पंजीयन दफ्तर में शनिवार की छुट्टी के दिन भी रजिस्ट्री कराने वालों की भारी भीड़ लगी रही। एक अप्रैल से राज्य में रजिस्ट्री कराने में मिल रही 30 प्रतिशत की छूट खत्म होने जा रही है। पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में मिल रही इस छूट को आगे बढ़ाने के लिए वर्तमान सरकार ने अब तक कोई घोषणा या आदेश जारी नहीं किया है। इसे देखते हुए प्रॉपर्टी की खरीदी-बिक्री करने वाले मार्च के अंतिम दिनों में भी छूट का फायदा उठाना चाहते हैं, क्योंकि आगामी महीने से रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा।

### अब स्टाम्प ड्यूटी ज्यादा लगेगी

कलेक्टर गाइडलाइन में 30 प्रतिशत की छूट के बाद अब जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले दोनों को महंगा पड़ेगा। 30 प्रतिशत की छूट में एक लाख की जमीन का 70 हजार ही स्टाम्प ड्यूटी देनी पड़ता थी, लेकिन छूट खत्म होने के बाद एक लाख की जमीन का स्टाम्प भी एक लाख ही लगेगा।

### कल से नहीं मिलेगी छूट

रजिस्ट्री के दौरान स्टाम्प पर मिलने वाला 30 प्रतिशत छूट की समय सीमा 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहा है। एक अप्रैल से पहले की तरह प्रॉपर्टी रजिस्ट्री पर पूरा शुल्क लगेगा। रविवार को भी पंजीयन दफ्तर खुला रहेगा।

\- **आशुतोष कौशिक**, जिला पंजीयक रायपुर

### एक दिन में 77 की जगह 100 अप्वाइमेंट

पंजीयन कार्यालय में एक दिन में उप पंजीयक कोर्ट में 77 अपांइटमेंट लिए जाते थे, लेकिन क्लोजिंग महीना होने के कारण 31 मार्च तक अपाइनमेंट 77 की जगह 100 कर दिया गया है। इस तरह प्रत्येक उप पंजीयक कोर्ट में एक दिन में 100 लोग जमीन की रजिस्ट्री के लिए अपवाइनमेंट ले सकते हैं। अपाइनमेंट की संख्या जरूर बढ़ाई गई है, लेकिन पंजीयन दफ्तर के किसी भी उप पंजीयक कोर्ट में चालू माह में 80 से ऊपर अपाइनमेंट नहीं गया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मार्च महीने में दफ्तर भी 2 घंटे अधिक समय तक खोला जा रहा है, लेकिन अप्वाइमेंट में ज्यादा फर्क नहीं आया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी 70 से 75 के बीच ही अपाइनमेंट लिए जा रहे हैं। विदित हो कि वर्ष 2019 में कांग्रेस सरकार ने कलेक्टर गाइडलाइन में 30 प्रतिशत घटाई थी। इससे जमीन को खरीदने के बाद रजिस्ट्री कराने में स्टाम्प ड्यूटी में 30 प्रतिशत की छूट मिलती थी। इस छूट से जमीन की खरीदी-बिक्री करने वाले दोनों को फायदा होता था। हालांकि सरकार ने पंजीयन शुल्क में 4 फीसदी वृद्धि कर दी थी, जिससे 7.05 की जगह पंजीयन शुल्क 10.25 फीसदी हो गया था। इससे विभाग को भी फायदा हो रहा था। पंजीयन शुल्क बढ़ने से राजस्व भी ज्यादा मिलने रहा था।

## बारिश पूर्व बड़े नालों की सफाई कराने में जुटा निगम, आधा दर्जन नालों की कराई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बारिश से पूर्व शहर के बड़े नालों की सफाई कराने में निगम अमला जुट गया है। गंदे पानी के सुगम निकास को ध्यान में रखते हुये निगम आयुक्त ने जोनवार नाला सफाई अभियान चलाया है। इसके अंतर्गत शनिवार को शहर के आधा दर्जन बड़े नालों की सफाई कराई गई। वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पास बड़े नाला की सफाई कराने 15 सफाई कामगार उतारे गये। उन्होंने नाला साफ कर 3 डंपर कचरा बाहर निकाला। राजधानी में बड़े नालों की सफाई करवाने 10 जोनों के स्वास्थ्य विभाग की टीमों को जिम्मेदारी दी गई है। जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 15 सफाई कामगारों की टीम भेजकर वीआईपी रोड में श्रीराम मन्दिर पास बड़े नाले की सफाई करवाई। इस दौरान नाले में जमा कचरा बाहर निकालकर गंदे पानी की निकासी को सुगम बनाने का कार्य किया गया। नाले की मेनुअल सफाई का स्थल निरीक्षण जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में किया।

### इन इलाकों में भी नाला सफाई

नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा इलाके के बड़े नाला की सफाई कराने शनिवार को निगम अमला जुटा। इसके साथ ही काठाडीह, राज टाकीज के समीप बड़ा नाला, कोयला बस्ती नाला, रेलवे पटरी नाला सहित राजातालाब क्षेत्र स्थित अरमान नाला की सफाई कराई गई।

## पेज 9 का शेष

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल ...

में अभिभावकगण उपस्थित रहे। **इनकी भी रही उपस्थिति** : विद्यालय से शिक्षक ललित देवांगन,अखिलेश पटेल,राहुल पटेल, निशु गुप्ता,अनिल चन्द्रवंशी, ज्ञानेश्वर साहू, पुरुषोत्तम कुमार, अमित कुमार, मनीषा सोनी, दीपिका वर्मा, आयुषी जैन, कैलाश सिंह, गोविंद प्रसाद साहू,राजा तंतुवाय, रेणुका पटेल, छोटु साहू, सुमित्रा पटेल, रितिका साहु, सविता साहु,आरती धीवर, सुखदेव साहू, विजय चंद्राकर,गीता साहू, युवराज, नरेश साहू आदि उपस्थित रहे।

### आईपीएल सट्टे वालों की ...

आईडी लिंक दी जाती है जिस पर वह मनचाही राशि का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर मैच और टीमों पर दाव लगा सकते हैं ! शहर में ऑनलाइन सट्टे की आई डी बेचकर बुकिंग करने वाले एक दर्जन से ज्यादा लाइन सक्रिय है जिन्हें बड़े खाई बाज प्रदेश या देश के अन्य राज्यों के शहरों में बैठकर चला रहे हैं। बुकिंग नेटवर्क की पड़ताल में जुटी जिले की पुलिसः पुलिस का कहना है कि क्रिकेट मैच पर होने वाले लाखों रुपए के सट्टे के कारोबार को दबोचने के लिए कोशिश की जा रही है। जानकारी के अनुसार इसके लिए साइबर सेल की मदद से बड़े सटोरियों के नेटवर्क की निगरानी की जा रही है। पुराने नामचीन सटोरियों और बुकीज आईपीएल सीजन से पहले ही भूमिगत होने से पुलिस इनका पता लगा रही है। 2 साल पहले कोतवाली क्षेत्र में पुलिस में सट्टा बुकिंग की सूचना पर क्षेत्र के एक घर से लाखों रुपए की नगदी बरामद कर केस दर्ज किया था। उसके अलावा दो और सटोरियों को भी पकड़ा गया था, परंतु उसके बाद भी व सट्टेबाज फिर से सक्रिय नजर आ रहे हैं। हालांकि इस बात की भी चर्चा है कि सटोरियों को राजनैतिक संरक्षण के कारण पुलिस हाथ डालने से बचती है, जिसके कारण बेखौफ होकर आईपीएल में सट्टेबाजी कर रहे हैं।

### दिनभर बरसे शोले, शाम को हुई बूंदाबांदी...

बालोद। शनिवार को दिन भर तपती धूप और उमस भरी गर्मी से जहां लोग बैचेन नजर आए, तो वहीं देर शाम करीब 7 बजे मौसम में अचानक परिवर्तन होते हुए बूंदाबांदी शुरू हो गई। हालांकि न तो बादल गरजा और न ही हवाएं चली, लेकिन कुछ देर तक बूंदाबादी होने से बारिश होने की संभावना रही, लेकिन देर रात तक बारिश नहीं हुई।





## खबर संक्षेप

### डस्टबिन नहीं रखने पर वसूला जुर्माना

**रायपुर।** दुकानों में डस्टबिन नहीं रखने और ठेले-गुमटियों का कचरा सड़क पर फैलाने वालों से निगम अमले ने जुर्माना वसूला। शनिवार को जोन-8 स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गणपत चौक हीरापुर और टाटीबंध के बाजार क्षेत्र में 11 ठेला-गुमटियों में कचरा फैलाने, डस्टबिन नहीं रखने पर 2300 रुपए जुर्माना वसूला। बाजार क्षेत्रों में दुकानदारों को डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने और स्वच्छता बनाए रखकर दुकान का सूखा और गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को देने की समझाइश दी गई।

### उत्कल सांस्कृतिक परिषद के कार्यक्रम में शामिल होंगे राज्यपाल और सीएम

**रायपुर।** उत्कल सांस्कृतिक परिषद द्वारा 1 अप्रैल को ओडिशा राज्य का 89वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा।



यह कार्यक्रम शासकीय स्कूल छोटापारा में होगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों द्वारा उड़िया गीत, भजन, ओडिसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य सहित कई प्रकार के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। यह कार्यक्रम विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में होगा। विधायक श्री मिश्रा द्वारा गठित सर्व ओडिसा समाज एवं उत्कल सांस्कृतिक परिषद के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मुख्य अतिथि होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश के रायपुर, रायगढ़, जगदलपुर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सारंगढ़, सरायपाली, बसना, पिथौरा, खल्लारी, महासमुंद, गरियाबंद, भिलाई, दुर्ग के अलावा जशपुर, कुनकुरी, लैलूंगा, तानाखार, पुसौर, सरिया, बरमकेला, सरगुजा, बिलासपुर में बड़ी संख्या में उड़िया समाजजन निवासरत हैं।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया रंगपंचमी महोत्सव



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज महादेवघाट तथा अम्लेश्वर परिक्षेत्र द्वारा रंगपंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम अम्लेश्वर स्थित इस्कॉन सभागार में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने भगवान परशुराम की तस्वीर की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मोहित शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा ग्रुप के फाग एवं भजन माला, ढोल, तबला व नगाड़ा के साथ खूब धूम मचाई। साथ ही पर्ची में लिखे अनुसार गीत, गजल, संस्मरण, कविता, जोक्स की प्रस्तुति ने खूब हास्य परिहास का वातावरण निर्मित किया। कार्यक्रम में रत्ना शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, शिखा शर्मा, वीणा तिवारी, अंजनी तिवारी, नीतू शर्मा, कविता शर्मा, रश्मि दीवान, सोनिया शर्मा, शिवम शर्मा, रंजना तिवारी, रीता तिवारी, ममता पांडे, पुष्पा पांडे, ज्योति शर्मा, शशि पांडे, वैजयंती तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# सोने ने पकड़ी ऐसी रफ्तार, एक माह में पांच हजार और डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने की कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि सराफा कारोबारी भी हैरान हैं। पहली बार महज डेढ़ साल में ही कीमत 20 हजार रुपए बढ़ गई है। इसमें मार्च का माह ऐसा है जिसमें कीमत करीब पांच हजार बढ़ी है। पहले कभी एक माह में इतनी कीमत नहीं बढ़ी। इसके पहले की बात करें, तो 20 हजार रुपए कीमत बढ़ने में चार साल लग गए थे। कुल मिलाकर साढ़े पांच साल में कीमत 40 हजार रुपए बढ़ी है। जो सोना जनवरी 2018 में 30200 रुपए था, वह इस समय 70400 रुपए हो गया है। इतनी तेजी से पहले कभी कीमत नहीं बढ़ी है। सोने की कीमत के तेवर देखकर निवेश करने वाले इसमें ज्यादा निवेश कर रहे हैं। वैसे भी सोना निवेशकों की पहली पसंद है, क्योंकि वह बाकी निवेश के मुकाबले ज्यादा रिटर्न भी देने का काम करता है। देश के साथ प्रदेशभर में निवेश की बात करें, तो निवेश के लिए ज्यादातर लोग सोने को ही ज्यादा बेहतर मानते हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि सोने की कीमत पिछले कुछ सालों से लगातार आसमान पर जा रही है। ऐसा बहुत कम होता है कि कीमत में कमी आती है। ताजा उदाहरण ही ले लें। सोना पहली बार बीते साल मई में रिकॉर्ड 63 हजार के करीब पहुंच गया था। इसके बाद इसकी कीमत ने दीपावली से पहले 63 हजार को पार करके 63700 तक का सफर तय किया। इसके बाद कीमत कुछ कम हुई, लेकिन फिर कीमत से ऐसी रफ्तार पकड़ी कि अब तो कीमत आसमान पर चली गई है।

### डेढ़ साल में 20 हजार बढ़े दाम

2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र और दीपावली के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50200 रुपए थी, जो इस समय 70400 हो गई है। यानी कीमत में 20200 रुपए का इजाफा हुआ। इसके पहले कभी कीमत इतनी नहीं बढ़ी। इसके पहले 20 हजार तक कीमत बढ़ने की बात करें, तो कीमत को 20 हजार बढ़ने में चार साल का समय लग गया था। 2018 में कीमत 30200 रुपए थी। यह कीमत 2022 में जाकर 50 हजार के पार हुई। इस साल ज्यादातर समय सोने की कीमत 50 हजार के आसपास ही रही।

### साढ़े पांच साल में कीमत 30200 से हो गई 70400



### ब्याज घटाने के ऐलान का असर

रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार में सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया है। भाव बढ़ने का मुख्य कारण अमेरिका की आर्थिक स्थिति का मजबूत होना और महंगाई कम होकर नियंत्रण में होना है। अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा आने वाली तिमाही में ब्याज दर कम करने का ऐलान किया गया है। इस ऐलान के बाद निवेशकों ने अपना सारा पैसा सोने की खरीदी में लगा दिया है। ब्याज कम होने पर बाजार पर और असर होगा।

### एक माह में बढ़ी पांच हजार कीमत

देश में सोना पहली बार बीते साल 60 हजारी हुआ और इसके बाद सोना 63 हजारी की राह पर चला और अंत में धनतेरस के समय यह 63 हजार के भी पार हो गया। बीते साल के अंत में सोना 65 हजार रहा। नए साल में भी सोने की कीमत 65 हजार के पार रही। लेकिन फरवरी में कीमत कुछ कम हो गई। एक मार्च को कीमत 64650 रुपए थी। लेकिन इसके बाद कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि एक माह में ही कीमत पांच हजार रुपए बढ़ गई।

## आयोजन : ग्राम बोरसी में तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन

# भगवान श्रीराम की पवित्र गाथाएं आध्यात्मिक जागरुकता, सामूहिक समरसता बढ़ाती है: योगेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम बोरसी में आयोजित नवधा रामयण में आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे सर्व हिन्दू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम की पवित्र गाथाएं आध्यात्मिक जागरुकता, सामूहिक समरसता और व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखता है। हमें गर्व है कि हम हिंदू धर्म के समयोगी मूल्यों को बनाए रखने के लिए ऐसे अनुष्ठान अपने क्षेत्र में करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बोरसी में आयोजित तीन दिवसीय रामायण सम्मेलन कार्यक्रम में उक्त बातें कहीं।

- रामायण से मानवता के असली सिद्धांतों को भी समझने में

रामायण सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि योगेश तिवारी ने भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर समस्त विधानसभा क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। रामायण कार्यक्रम के इस मौके पर लोगों के संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामायण सम्मेलन एक प्रकाश की किरण के रूप में काम करता है, जो व्यक्तियों को प्राचीन शास्त्रों की गहरी समझ की ओर ले जाता है। बेमेतरा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण के पवित्र श्लोकों में हम न केवल वीरता और धर्म की कथाएं पाते हैं, बल्कि मानवता के असली सिद्धांतों को भी समझने की हमें मदद मिलती है।

बेमेतरा क्षेत्र में आयोजित ऐसे भक्तिमय कार्यक्रम हमें भक्ति की भावना को पुनः जगाने के कार्य के साथ ही अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विभिन्न समुदायों के बीच एकता को बढ़ावा देने में विशेष महत्व रखती हैं। योगेश तिवारी ने भगवान श्रीराम जी के पूजन अर्चना में विशेष रूप से भाग लेते हुए समस्त आग्रही भागीदारों तथा अपने क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना करते हुए आह्वान किया कि, आइए हम एक धर्म, संगठन, और प्रेरणा के पथ पर निकलें। भगवान श्रीराम जी की अनन्त विरासत से जुड़ते हुए भक्तिमय उत्सव की परंपरा में शामिल हो जाएं।

### संगठन ईमानदारी से जीवन जीने करता है प्रेरित

सर्व हिंदू सनातन संगठन एक प्रतिष्ठित संगठन है जो हिंदू धर्म की धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। जनता की सेवा और सामूहिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए, यह संगठन व्यक्तियों को नैतिकता, दया, और ईमानदारी के जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में दुर्गा देवेन्द्रसाहु प्रकाश वर्मा मनहरण वर्मा मनहरण यदु बीरेन्द्र वर्मा डालीमा वर्मा संरपच तरुण वर्मा सुमित्रा साहु रतिराम साहु प्रमुख लोग उपस्थित थे ।

# शासकीय विद्यालय पिपरिया के 17 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन

हरिभूमि न्यूजःसाजा



शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया में सत्र 2023-24 में अध्यनरत कक्षा पांचवी के 17 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। प्रधान पाठक डोगेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि वे आसपास के बच्चों की नवोदय के लिए तैयारी करवाते हैं। इसके तहत लगातार 6 महीने तक बच्चों को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से नवोदय तैयारी कराई जाती है। उन्होंने बताया कि अंतिम 50 दिनों में अलग-अलग जगह वर बच्चों को ले जाकर के 10 से 15 टेस्ट लिया जाता है। आसपास के बच्चे एवं अन्य जिलों के बच्चे भी इस टेस्ट परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। श्री वर्मा ने बताया कि इस वर्ष कुल 17 बच्चों का चयन हुआ है। इनमें ऑनलाइन के माध्यम से दो बच्चों एवं ऑफलाइन क्लास से 15 बच्चों का चयन हुआ है। चयनित बच्चों में दीक्षा साहू, वैशाली साहू पिपरिया से तेजल जंघेल ,उषा जंघेल ,अदिति जंघेल खैरी से जागेश्वर कोसले केहका से, अमर सिंह कोरवाय से, ओम कुमार एवं खेमलाल बोरतरा से, विकास सिंन्हा दीपक सिंन्हा चोर भट्टी से गोपाल देवांगन, मयंक देवांगन, कोगिया कला स्कूल से , नीतीश देवांगन ,हेतल देवांगन छिराहिडीह स्कूल एवं दो बच्चे आनलाईन क्लास, यूट्यूब से हुआ है। श्री वर्मा ने बताया कि सहयोगी शिक्षक के रूप में विशेषण नेताम प्रधान पाठक बीजा का विशेष योगदान रहा।

### जगन्नाथपुर स्कूल के छात्र हर्षवर्धन का नवोदय में चयन



**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला जगन्नाथपुर संकुल परसबोड़ विकासखंड साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ से कक्षा पांचवी के छात्र हर्षवर्धन रात्रे पिता अमर दास रात्रे का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा बेमेतरा के लिए हुआ है। इसके साथ ही जवाहर उत्कर्ष योजना में भी इसका चयन हुआ है। शाला के प्रधानपाठक कल्याण दास बंजारे एवं बिरेंद्र कुमार शर्मा, राधा वर्मा, डेमेश्वरी साहू एवं संकुल समन्वयक मुकेश कुमार ठाकुर, शासकीय प्राथमिक शाला परसबोड़ से प्रधान पाठक आशा बंजारे, पूर्व माध्यमिक शाला परसबोड़ की प्रधान पाठक डाली साहू और हाई स्कूल के प्राचार्य ईश्वर लाल साहू ने छात्र हर्षवर्धन के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# छोटे नोटों की आपूर्ति में कमी को लेकर रिजर्व बैंक गवर्नर को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सभी प्रकार के व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों को छोटे वर्ग के नोटों की किल्लत से इन दिनों जूझना पड़ रहा है। इसकी आपूर्ति सुगम करने को लेकर रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने रिजर्व बैंक के गवर्नर को एक पत्र लिखकर जल्द ही इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

- राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में कारोबारी परेशानी में

श्री मालू ने रिजर्व बैंक गवर्नर मुंबई को लिखे अपने पत्र में इस बात का भी ध्यानाकर्षण कराया है कि जब छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य में रिजर्व बैंक ने राजधानी रायपुर में अपना क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किया था तब सभी लोगों को प्रसन्नता हुई थी कि बैंकिंग समस्याओं को लेकर अब बार-बार मुंबई का रुख नहीं करना पड़ेगा, लेकिन इसका समुचित लाभ नहीं मिल पाया। उद्योग-व्यापार के दृष्टिकोण से विकसित राज्य छत्तीसगढ़ में इन दिनों 10 एवं 20 रुपए के छोटे नोटों की किल्लत बनी हुई है। इससे छोटे कारोबारियों एवं आम ग्राहकों को बहुत कठिनाई हो रही है। ऐसे में छोटे वर्ग के नोटों की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

### बैंकों में अव्यस्था को किया जाए ठीक

श्री मालू ने व्यवहारिक दिक्कत को लेकर भी रिजर्व बैंक गवर्नर को अवगत कराया है कि लगभग सभी शाखाओं में बैंको ने गार्ड की नियुक्ति कर रखी है, किन्तु बैंक में भोजन अवकाश के समय उन गार्डों द्वारा गेट पर ताला लगा दिया जाता है। इसके अतिरिक्त शाम को भी बैंक की समयावधि के पूर्व 4 बजे बैंक का मुख्यद्धार बंद कर दिया आता है, जबकि ऐसा कोई नियम हमारी जानकारी में नहीं है। इससे आमजनता को एवं व्यवसायियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि पासबुक में प्रविष्ठियों का लिखा जाना, विभिन्न चालानों की प्रतियों का संग्रहण एवं आरटीजीएस के एकनालेजमेंट को प्राप्त करना, केवाईसी को अपडेट के लिए शाम को ही ग्राहकों को बैंक द्वारा बुलाया जाता है और उस समय बैंक के मुख्यद्धार पर ताला लगे होने के कारण आम जनता एवं

# कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में खड़गे सोनिया, राहुल प्रियंका, भूपेश और टीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, राज्य के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री टीएस सिंहदेव, डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू समेत 40 नेता शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के ये स्टार प्रचारक 11 लोकसभा सीटों के लिए प्रदेश में कांग्रेस के प्रचार की कमान संभालेंगे। स्टार प्रचारकों की सूची जारी होने के बाद अब कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश का माहौल है। सूची में प्रदेश के दिग्गज नेताओं के साथ दूसरे राज्यों के कांग्रेस नेताओं के नाम भी शामिल हैं। सूची में सिद्धारमैया, रजनी पाटिल, रंजीत रंजन, रेवंत रेड्डी, सुखविंदर सिंह सुक्खू, दीपा दासमुंशी, राजबब्बर, अलका लांबा, भक्त चरणदास, कुमारी शैलजा, इमरान प्रतापगढ़ी,

### राज्य के इन नेताओं के नाम भी शामिल

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, फुलो देवी नेताम, धनेन्द्र साहू, मोहन मरकाम, अमरजीत भगत, जय सिंह अग्रवाल, गुरु रूद्र कुमार, उमेश पटेल, द्वारिकाधीश यादव, आकाश शर्मा, नीरज पांडेय को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।

### 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान

पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। बस्तर में 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर हैं। दूसरे चरण के लिए 4 अप्रैल तक अभ्यर्थी नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की समीक्षा 5 अप्रैल को होगी, जिसके बाद 8 अप्रैल तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होगा।

# पार्किंग विवाद पर कार चालकों का एयरपोर्ट पर हंगामा, तोड़फोड़ भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पार्किंग शुल्क के विवाद पर बीएमडब्लू (कार) सवार लोगों ने विमानतल के पार्किंग एग्जिट गेट पर जमकर हंगामा मचाया। तैनात कर्मचारियों के साथ मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की, मगर अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं कर पाई है। हंगामे का वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें आरोपी स्पष्ट नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार घटना चार दिन पुरानी है और इस मामले में तीन दिन पहले माना थाने में कार सवार अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़, गाली गलौज का अपराध दर्ज किया गया है, मगर पुलिस अब तक आरोपियों की पहचान करने में सफल नहीं हो पाई है। एयरपोर्ट के पार्किंग एग्जिट गेट पर ड्यूटी करने वाले श्याम तिवारी ने अपनी शिकायत में बताया था कि 26 मार्च की रात सीजी07 बीएस 6013 पर सवार लोगों ने पार्किंग शुल्क नहीं देने के विवाद पर जमकर हंगामा किया था।




### विवाद खत्म करने फास्ट टैग

एयरपोर्ट पर पार्किंग शुल्क को लेकर पहले अक्सर विवाद की स्थिति बनती रहती थी। वाहन चालकों द्वारा ठेका एजेंसी पर ज्यादा शुल्क लेने का आरोप लगाया जाता था। इस तरह के विवाद को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से शुल्क का निर्धारण करने के साथ पार्किंग में भुगतान के लिए फास्ट टैग सिस्टम लागू किया गया था। इसके बाद ज्यादा पैसे वसूलने की शिकायत बंद हो गई थी।

# प्राथमिक शाला खुंदनी में हुआ न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी में न्योता भोज कार्यक्रम के तहत स्कूल के बच्चों को सभी शिक्षकों की ओर से केला और अंगूर वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भीम सिंह साहू और स्कूल के शिक्षक तथा रसोइया उपस्थित थे। यह स्कूल में न्योता भोज का कार्यक्रम का दूसरा अवसर था, जिसमें सभी बच्चों ने फलाहार का आनंद लिया।







